प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 21.07.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- अवैध स्मैक के साथ 01 गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्सः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थो के निर्माण, बिक्री/तस्करी पर रोकथाम व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व थाना सिविल लाइन्स क्षेत्रान्तर्गत चौकी क्षेत्र फकीरपुरा में मादक पदार्थों की बिक्री किये जाने तथा मुरादाबाद व आस-पास के क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक व व्यवसायिक संस्थानों से आने-जाने वाले लोगो द्वारा मादक पदार्थ खरीदने व सेवन करने जिससे समाज मे युवा पीढी के नशे की गिरफ्त में आने तथा विभिन्न अपराधो मे संलिप्त होने की प्राप्त शिकायतो के आधार पर आज दिनांक 21.07.2024 को उ0नि0 रीता तेवतिया थाना सिविल लाईन्स द्वारा मय हमराही पुलिस बल के गस्त व चैकिगं के दौरान प्रभावी कार्यवाही करते हुये अभियुक्त अरूण पुत्र साजन निवासी आदर्श कालोनी थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद को अवैध 250 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना सिविल लाईन्स पर मु0अ0स0- 601/2024 धारा 8/22/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

अपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 257/2021 धारा 8/22 NDPS Act. थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद
2. मु0अ0सं0 457/2021 धारा 188/269/270 आईपीसी व 51 (b) आपदा प्रबन्धन अधिनियम व 3 महामारी अधिनियम 1897 थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद
3. मु0अ0सं0 836/2021 धारा 8/22 NDPS Act. थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद
4. मु0अ0सं0 552/2022 धारा 8/22 NDPS Act. थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद
5. मु0अ0सं0 1020/2022 धारा 8/22 NDPS Act. थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद
6. मु0अ0सं0 601/2024 धारा 8/22/29 NDPS Act. थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद

2- लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार थाना भोजपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 18.07.2024 को वादी रमेश पुत्र सोहन सिँह निवासी ग्राम खानपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद ने अज्ञात आरोपी द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने के संबंध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0- 286/2024 धारा-137(2) भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) 2023 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचना/साक्ष्यो के आधार पर आरोपी शोभित पुत्र स्व0 जसवन्त निवासी ग्राम डयौढी थाना डिडौली जनपद अमरोहा का नाम प्रकाश में आया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 20.07.2024 को उ0नि0 राजकिशोर सिँह थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी शोभित पुत्र स्व0 जसवन्त उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3- अवैध चाकू के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना कटघरः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, अवैध शस्त्र निर्माण, बिक्री/तस्करी, पर रोकथाम व अवैध शस्त्र धारको, संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 21.07.2024 को उ0नि0 ओम शुक्ला थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त फैजान पुत्र रहीश अहमद निवासी धोबियो वाला फाटक थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना कटघर पर मु0अ0स0- 380/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

4- थाना कटघर पुलिस द्वारा 01 वारंटी किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 21.07.2024 को उ0नि0 बृजेश कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के वारण्टीं अभियुक्त चन्द्रसैन पुत्र स्व0 लल्लू निवासी बाल्मिकी बस्ती डबल फाटक थाना कटघर जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मुकदमा नं0 9474/22 धारा 504/506 भादवि0 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

5- जनपदीय पुलिस द्वारा, शान्ति भंग करने में 05 आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 21.07.2024 को जनपदीय पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के आरोप में 05 अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

थाना भगतपुर पुलिस द्वारा:-

1.मोनिस पुत्र नफीस नि0 ग्राम जाहिदपुर सीकमपुर थाना भगतपुर मुरादाबाद

थाना कटघर पुलिस द्वारा-

1. सिकन्दर पुत्र आबिद हुसैन निवासी रहमतनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
2.उस्मान पुत्र हैदर मिया निवासी सरकडा खास थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
3.अन्जू पत्नी जितेन्द्र निवासी ग्राम देवीपुरा थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद हाल निवासी गोविन्द नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
4. शिवानी वर्मा पत्नी सुमित वर्मा निवासी सूरजनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।